# उफ्फ... गड्ढे

## प्रतापनगर ओवरब्रिज पर सीमेंट-कांक्रीट उखड़ा, सरिये भी बाहर निकले





रतलाम | शहर में कुछ क्षेत्रों को छोड़कर अधिकांश सड़कों पर गड्ढे ही गड्ढे हो रहे हैं। इससे शहरवासी परेशान हैं। वहीं प्रतापनगर ओवर ब्रिज पर गड्ढे होने के साथ-साथ सरिये भी निकल चुके हैं। ब्रिज पर कलेक्टर कार्यालय रोड, सालाखेड़ी क्षेत्र और प्रतापनगर क्षेत्र से आवागमन होता है। तीनों ओर से आवागमन होने के कारण वाहन चालक वाहनों की ओर ध्यान दे या गड्ढों को देखें। ऐसे में कई बार छोटी-बड़ी दुर्घटना होती रहती है। पूर्व में हुई दुर्घटनाओं में जान भी जा चुकी है। वर्तमान समय में ब्रिज पर हो रहे गड्ढे व निकल रहे सरियों से दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। क्षेत्रवासियों व इस मार्ग से निकलने वाले लोगों ने प्रशासन से गड्ढे भरने की मांग की।

भास्कर

दै. भास्कर 29/11/21

# कोरोना के नए वेरिएंट से सिर्फ चिंतित नहीं सावधान भी रहें



**◆ विद्यालयों में 50 प्रतिशत क्षमता के साथ लगेंगी कक्षाएँ ◆ तीसरी लहर की आशंका को करना है निर्मूल ◆ सभी स्तरों की क्राइसिस मैनेजमेंट समितियों की बैठकें जल्द होंगी**

*मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में नवम्बर माह में इस सप्ताह कोरोना संक्रमण के लगभग 100 केस आए हैं, जो चिंता का विषय न भी हों लेकिन हमें सजग रहने का संदेश दे रहे हैं। हम कोरोना के नए वेरिएंट से चिंतित ही नहीं सावधान भी रहें। यही हमारी ड्यूटी है। प्रदेश में अभी स्कूल पचास प्रतिशत विद्यार्थी क्षमता के साथ खुले रहेंगे। अभिभावकों की सहमति से ही विद्यार्थी विद्यालय आएँगे। साथ ही ऑन लाइन शिक्षा का विकल्प उपलब्ध रहेगा। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को ध्यान में रखकर कोरोना से बचाव के सभी आवश्यक उपायों पर अमल किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज निवास पर प्रदेश में कोरोना नियंत्रण और वर्तमान स्थिति पर अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।*

प्रसारण न्यूज़ • भोपाल

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कुछ देशों में कोरोना के नए वेरिएंट के आने से उत्पन्न परिस्थितियों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि दिसंबर माह में सभी लोगों को कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन का दूसरा डोज लगे और मध्यप्रदेश की उपलब्धि शत-प्रतिशत हो जाए, इसके पूरे प्रयास करना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मास्क का उपयोग अनिवार्य है, सभी नागरिक इसका उपयोग करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिला और ब्लाक स्तर के क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठकें बुलाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि किसी स्तर पर सावधानियाँ न हटें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि अभी सार्वजनिक कार्यक्रमों पर रोक नहीं होगी, लेकिन संक्रमण रोकने के सभी नियमों और सावधानियों का पालन किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान एक दिसंबर को क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्यों से चर्चा करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विदेशों में कोरोना के नए वेरिएंट के फैलने की सूचना है। अभी तक भारत में नए वेरिएंट की उपस्थिति की कोई सूचना नहीं है, लेकिन सावधानियाँ अत्यंत जरूरी है। इसलिए आज ही हमने बैठक करके कुछ फैसले किए हैं। विदेश से आने वाले यात्रियों पर नजर रखी जाएगी। जो लोग अन्य देशों की उड़ानों से आए हैं, उनका टेस्ट करवाने के साथ ही आवश्यक हुआ तो आइसोलेशन में रखा जायेगा। दूसरे देशों से मध्यप्रदेश में आने वाले यात्रियों के संबंध में भारत सरकार के सर्विलांस में नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए। एक महीने में जितने भी लोग अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों से यहाँ आए हैं, उनकी कोरोना की जाँच करना है और अगर कोई कोरोना संदिग्ध पाया जाता है तो उसे आइसोलेशन में रखा जाए। प्रदेश में जीनोम सीक्वेंसिंग के सैम्पलों की भी संख्या बढ़ाई जाएगी, जिससे अगर कहीं कोरोना संक्रमण की कोई स्थिति बने तो जानकारी का अभाव न रहे। जीनोम सीक्वेंसिंग एक तरह से किसी वायरस का बायोडाटा होता है। कोई वायरस कैसा है, किस तरह दिखता है, इसकी जानकारी जीनोम से मिलती है। जितनी आवश्यक दवाइयाँ हैं, उनकी उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए। चाहे वह रेमडेसिविर इंजेक्शन हो या अन्य दूसरी दवाइयाँ हों। अस्पताल में ऑक्सीजन की लाइनों से लेकर अन्य व्यवस्थाएँ, ऑक्सीजन प्लांट्स जो हमने लगाए हैं उनको भी चलाकर देखें क्योंकि कई जगह उसकी जरूरत पड़ ही नहीं रही थी और इसलिए जितनी आवश्यक तैयारी है वे सभी तैयारियाँ अस्पतालों में, दवाई की उपलब्धता के स्तर पर सुनिश्चित की जाए। प्रतिदिन हो रहे टेस्ट की संख्या भी बढ़ाई जाए। वर्तमान में 58 से 60 हजार टेस्ट प्रतिदिन हो रहे हैं, उसकी संख्या और बढ़ाए। यह प्रयास हो कि प्रतिदिन कम से कम 70 हजार टेस्ट अवश्य हों। भारत सरकार और डब्ल्यूएचओ के निर्देशों का पूरी तरह से पालन किया जाए।

18 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सबसे ज्यादा सावधानी की जरूरत है क्योंकि उनका टीकाकरण नहीं हुआ है। इसलिए तय किया गया है कि तत्काल प्रभाव मतलब सोमवार से स्कूल खुलेंगे, लेकिन स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति 50 प्रतिशत होगी। स्कूलों में 50 प्रतिशत बच्चे एक दिन आएँगे और शेष 50 प्रतिशत बच्चे दूसरे दिन आएँगे। इस तरह सप्ताह में तीन दिन वे विद्यालय जाएँगे। इसके साथ ही स्कूलों को ऑनलाइन क्लासेज चालू करनी पड़ेगी, जिससे पालकों के पास विकल्प रहे कि अगर वे बच्चों को स्कूल नहीं भेजना चाहते तो ऑनलाइन पढ़ाई हो जाए। इसलिए विकल्प सामने रहे। पैरेंट्स की इच्छा होगी तभी बच्चे स्कूल जाएँगे। पैरेंट्स अनुमति के बिना बच्चे स्कूल नहीं बुलाए जाएँ।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना वैक्सीन की सेके[illegible] डोज लगभग 62.5 प्रतिशत लोगों को लग चुकी है। टीके प्रति[illegible] लग रहे हैं। एक दिसंबर को टीकाकरण का महाअभियान है। सभ[illegible] मैं अपील करता हूँ कि पूरी ताकत के साथ जुटकर शेष बचे लोग[illegible] कोरोना की सेकण्ड डोज या फर्स्ट डोज लगाकर टीकाकरण किया जाएं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 29 नवंबर को हो[illegible] कलेक्टर-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस में नए वेरिएंट को देखते हुए आवश्यक निर्देश दिए जाएँगे। प्रदेश पूरी तरह से एलर्ट पर रहेगा। [illegible] दिसंबर को प्रातः क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों से चर्चा होगी।

प्रत्येक स्तर की क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों को हम [illegible] रखेंगे कि अगर तीसरी लहर आती है तो उससे लड़ने के लिए पूर्[illegible] तैयार रहें। तीसरी लहर की आशंका को निर्मूल करना है। समा[illegible] सहयोग के बिना लड़ाई जीतना कठिन होता है। पहले भी हमने स[illegible] के सहयोग से ही लड़ाई जीती है। सबसे जरूरी है फेस मॉस्क [illegible] और परस्पर दूरी बनाना। अभी हम कार्यक्रमों पर प्रतिबंध नहीं ल[illegible] हैं। स्थिति पर नजर रखी जा रही है। कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग भी जरूरी [illegible] पॉजीटिव पाए गए हैं उनका पूरा ध्यान रखा जाए, उन्हें आइसोले[illegible] रखा जाए, अस्पताल जाने की व्यवस्था आदि की जाए। अफ्रीक[illegible] दुनिया के कई देशों में नया कोरोना वेरिएंट जो ज्यादा तेजी से फैल[illegible] पाया गया है, इसलिए सावधानी आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री चौ[illegible] कहा कि मैं प्रदेशवासियों से अपील करता हूं कि बिल्कु[illegible] असावधान न रहे, संक्रमण फैलने से रोकने के जो आवश्यक [illegible] हैं, उन सबका पालन करें। सरकार आपके साथ मिलकर कोई [illegible] नहीं छोड़ेगी। हमारी कोशिश रहेगी कि तीसरी लहर न आ पाए।

प्रसारण

प्रसारण 29/11/21

# कोविड-19 संक्रमण से मृत्यु पर अनुग्रह राशि प्रदान करने के लिए जिले भर में कैंप आयोजित, 307 आवेदन प्राप्त

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

**राज्य शासन की योजना के अनुसार कोविड-19 संक्रमण से जिन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है, उनके वारिसान को अनुग्रह राशि प्रदान करने के लिए पूरे जिले में रविवार को कैंप आयोजित किए गए। इस दौरान 307 आवेदन प्राप्त हुए जिनका परीक्षण उपरांत कार्रवाई की जा रही है।**

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि रतलाम कलेक्ट्रेट परिसर के अलावा जिले की जनपद पंचायतों तथा नगर पालिकाओं में भी कैंप आयोजित किए गए। रतलाम कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कैंप में 190 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा जावरा में 30, पिपलोदा में 50 तथा बाजना में 10, ताल नगर पालिका में 11, नगर पालिका आलोट में 7 आवेदन प्राप्त हुए।

रतलाम कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कैंप में आवेदन का प्रारूप भी आवेदकों को उपलब्ध कराया गया जिसकी पूर्ति आवेदकों से कराई जाकर प्राप्त किया गया। इस दौरान ऑफिस अधीक्षक प्रभाकांत उपाध्याय, सहायक नवीन त्रिवेदी, सुश्री अंकिता व्यास, मनीष माथुर, अभिषेक पालीवाल, श्याम वर्मा, नगर निगम उपयंत्री राजेश पाटीदार, सुश्री अनीता ठाकुर, मनीष तिवारी, नायब तहसीलदार सुश्री पूजा भाटी, मनोज चौहान, राजस्व निरीक्षक शुभम तिवारी, पटवारी श्री दिग्विजय जलधारी आदि ने तैनात रहकर सक्रियता से कार्य किया।



## 67 आवेदकों के बैंक खातों में अनुग्रह राशि पहुंची

कोरोना संक्रमण से मृत्यु की दशा में वारिसान को अनुग्रह सहायता राशि देने का कार्य सतत जारी है। अब तक 67 व्यक्तियों के बैंक खातों में 50-50 हजार रुपए अनुग्रह राशि अंतरित की जा चुकी है। सोमवार को भी लोगों के बैंक खातों में राशि डाली जाएगी।

प्रसारण 29/11/21

## एक लाख लोगों ने नहीं लगवाया दूसरा डोज

**रतलाम।** वैक्सीनेशन के लिए महाअभियान चलाए जाने के बाद अभी भी जिले में एक लाख से ज्यादा व्यक्ति है जिनका सेकंड डोज पेंडिंग है, उनका समय तो हो गया, लेकिन लगवाने नहीं आ रहे है। यह जिले के लिए चिंताजनक बात है। स्वास्थ्य विभाग ऐसे लोगों को खोजने का प्रयास कर रहा है। कलेक्टर ने कहा कि सेकंड डोज को जन आंदोलन बनाकर ऐसे लोग जिनका सेकंड डोज ड्यू है, उन्हें डोज लगवाने के लिए प्रेरित करें। यही बचाव का एकमात्र उपाय है।

अग्निशिखा २९/११/२१

**अवैध कॉलोनियों की खेती** • शहर के बीचोबीच गोशाला रोड पर कर रहे विकसित, 6 से 10 हजार रुपए वर्गफीट में बिक रहे प्लॉट

# मकान तोड़ प्रवेश मार्ग और सरकारी नाले पर बना दी पुलिया, बाउंड्रीवॉल से बंद कर दिए आसपास के रास्ते

भास्कर संवाददाता | रतलाम

तोड़फोड़ वाली सरकारी अमले की सख्त कार्रवाई के बावजूद भूमाफिया तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर अवैध कॉलोनियां काटने से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला गोपाल गोशाला के पीछे वाली जमीन पर बन रही कॉलोनी का सामने आया है।

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएंडसीपी) से बगैर परमिशन लिए विकसित की जा रही कॉलोनी का प्रवेश मार्ग गोशाला रोड तरफ से है। इसे बनाने में कॉलोनाइजर ने जो तिकड़म भिड़ाई है वह चौंकाने वाली है। पहले जमीन और गोशाला रोड के बीच वाला एक मकान खरीदकर तोड़ दिया। इसके पीछे सरकारी नाला था। उस पर कॉलोनाइजर ने पक्की पुलिया बना डाली। इसमें जोड़-तोड़ लगाकर नगर निगम से परमिशन भी ले ली। इतना ही नहीं कॉलोनी को सुरक्षित करने के लिए भूमाफिया ने ऊंची बाउंड्रीवॉल भी बना दी है। इससे आसपास के इलाकों से आने वाले रास्ते बंद हो गए हैं जिससे आसपास के रहवासी खासे नाराज हैं। शिकायत पहुंचने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है।

## नाले पर पुलिया बनाने के लिए ऐसे भिड़ाई तिकड़म

दरअसल 1961-62 में जमीन के गोशाला रोड वाली तरफ मकान नहीं सिर्फ कच्चा नाला था इसलिए तत्कालीन जमीन मालिक ने नगर निगम ने छोटी पुलिया बनाने के लिए परमिशन ली थी। कॉलोनाइजर ने 60 साल पहले ली गई। इसी परमिशन को आधार पर बनाकर नगर निगम से फिर से पुलिया बनाने की परमिशन हथिया ली। नगर निगम के अफसरों ने भी बिना मौका-मुआयना किए परमिशन दे दी जबकि 2016-17 में नालों का अतिक्रमण हटाने के लिए चलाई मुहिम में नगर निगम ने ही इस पुलिया को भी तोड़ दिया था।



तोड़े मकान के पीछे सरकारी नाले पर बनी पुलिया और बाउंड्रीवॉल।



गोशाला रोड पर बनाया अवैध कॉलोनी का प्रवेश मार्ग।

### टी आकार के 28 प्लॉट काटे हैं

घनी आबादी के बीच बन रही अवैध कॉलोनी के भूखंडों के सौदे भी 6 से 10 हजार रुपए वर्गफीट की ऊंची कीमत पर हो रहे हैं। वह भी कच्चे नक्शे के आधार पर है। करीब 60 हजार वर्गफीट में बन रही कॉलोनी में टी आकार के लगभग 28 प्लॉट काटे गए हैं। फिलहाल इन्हें एंग्रीमेंट के आधार पर बेचा और खरीदा जा रहा है।

### लावण्या पैलेस होटल पर होगी कार्रवाई, जांच पूरी

उधर नगर निगम सीमा में होने के बावजूद सालाखेड़ी ग्राम पंचायत से परमिशन लेकर बनाई होटल लावण्या पैलेस पर कार्रवाई तय है। बताया जा रहा है कि प्रशासन की जांच में होटल नगर निगम सीमा में ही निकली है। हालांकि नोटिस के जवाब में ग्राम पंचायत सालाखेड़ी ने भी होटल तक अपनी सीमा बताई है। फिलहाल मामला कोर्ट में है, जिसके फैसले का इंतजार किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े का कहना है पंचायत का जवाब आ गया है। परीक्षण के बाद कार्रवाई करेंगे। होटल संचालक अशोक माहेश्वरी ने बताया कोर्ट से स्टे मिला हुआ है। जांच में अगर होटल नगर निगम सीमा में निकला है, तो निगम को कोर्ट में अप्रूव करना पड़ेगा।

### टीएंडसीपी ने अनुमति नहीं जारी की है

*गोशाला रोड पर कॉलोनी विकसित करने के लिए टीएंडसीपी ने अनुमति नहीं दी है। फिर भी बन रही है तो अवैध है। निजी जमीन पर मालिक बाउंड्रीवॉल बना सकता है।*

**जी.एल. वर्मा**
**उपसंचालक-टीएंडसीपी**

भास्कर

दै. भास्कर 29/11/21

**झुग्गी मुक्त होता रतलाम** • पीएम आवास योजना में मुखर्जी नगर और डोसीगांव में तैयार हैं 964 ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी फ्लैट्स

# 3 बस्तियों के 177 परिवारों को मिले पक्के मकान, 628 को मिलना हैं फ्लैट्स

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कच्चे मकानों में रहने वाले को कम कीमत पर पक्के मकान देकर किया झुग्गी मुक्त रतलाम का दावा हकीकत में बदलने लगा है। पहला बदलाव घटला ब्रिज के पास देखने को मिला, जहां के 166 परिवार डोसीगांव में बने ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स में चले गए हैं। इनमें से 102 को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, 75 परिवारों को विधायक चेतन्य काश्यप ने गृह प्रवेश करवाया था। अब प्रकाशनगर और अजंता टॉकीज नाले के पास वाली जमीन को बस्ती मुक्त करने की तैयारी है। प्रकाशनगर के 75 परिवारों में से 7 और अजंता टॉकीज नाले के पास वाली बस्ती के 13 में से 4 को फ्लैट्स मिल चुके हैं। बाकी के 77 परिवारों को देने की प्रक्रिया चल रही है। सिलसिला ऐसे ही चलता रहा तो चार से पांच माह में प्रधानमंत्री आवास योजना में पहली बार में चयनित की गई तीनों बस्तियां खाली हो जाएंगी।

**38 बस्तियों के 3200 कच्चे मकान बने पक्के :** यही नहीं शहर की 38 बस्तियों के 3200 कच्चे मकान भी पक्के बन चुके हैं। ऐसा प्रधानमंत्री आवास योजना के बीएलसी घटक में हुआ है, जिसमें जमीन के मालिकाना हक बताने वाले प्रत्येक चयनित परिवारों को पक्के मकान बनाने के लिए 3 किस्त में 2.50 लाख रुपए दिए हैं। बीएसली घटक में लाभ देने 3 बार में 38 बस्तियों के 7393 परिवारों का सर्वे हुआ था। इनमें से 4193 आवश्यक दस्तावेज नहीं होने से पात्र नहीं हो पाए। अब सरकार इन्हें पट्टे देने जा रही है।

## रेलवे की जमीन पर बसी शिवशंकर बस्ती की जमीन हो चुकी है खाली



रेलवे की जमीन पर बसी शिवशंकर झुग्गी बस्ती।(फाइल फोटो)



परिवारों के फ्लैट्स में चले जाने के बाद खाली जमीन।

**हाउसिंग फॉर ऑल में बिक रहे एलआईजी और एमआईजी :** सामान्य तबके के लिए पीएम आवास योजना के एचएफए (हाउसिंग फॉर ऑल) घटक में डोसीगांव में 240 एलआईजी और मुखर्जी नगर में 96 एमआईजी फ्लैट्स भी बनाए गए हैं। मापदंडों में आना वाला कोई भी परिवार इन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से खरीद सकता है।

**प्रक्रिया चल रही है :** *झुग्गी मुक्त रतलाम की परिकल्पना को लेकर पीएम आवास योजना में तेजी से काम हो रहा है। कमजोर तबके के 177 परिवारों को डोसीगांव में ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स दिए जा चुके हैं। बैंक लोन प्रक्रिया पूरी हो रही है, जल्द ही और 50 परिवारों का फ्लैट्स में गृहप्रवेश करवा देंगे। इसके अलावा भी 400 परिवारों को फ्लैट्स दिए जाना है। प्रक्रिया चल रही है।* – **चेतन्य काश्यप,** विधायक

### पीएम आवास योजना

| | |
|---|---|
| **मुखर्जी नगर** | |
| कुल मकान | 132 |
| ईडब्ल्यूएस | 36 |
| एमआईजी | 96 |
| **डोसीगांव पहली योजना** | |
| कुल मकान | 492 |
| ईडब्ल्यूएस | 396 |
| एलआईजी | 96 |
| **डोसीगांव दूसरी योजना** | |
| कुल मकान | 340 |
| ईडब्ल्यूएस | 196 |
| एलआईजी | 144 |

भास्कर

दै. भास्कर 29/11/21

# 39 दिन से नया केस नहीं, नए वैरिएंट से खतरा बढ़ा

## रहें सावधान ● कोरोना की तीसरी लहर की आशंका, एक लाख लोगों का दूसरा टीका पेंडिंग

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना वायरस के नए वैरिएंट के बेहद संक्रामक होने के चलते जिले में भी स्वास्थ्य विभाग सहित प्रशासन अलर्ट है। दूसरी लहर में मार्च से जून तक जिले में बड़ी संख्या में मरीज आने व मौत के बाद लगातार स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करने के साथ ही टेस्टिंग बढ़ाई गई। जिले में 39 दिन से कोई कोरोना मरीज नहीं मिला है, लेकिन विदेशों में मिले नए ओमिक्रान वैरिएंट ने खतरा बढ़ा दिया है। यह पहले से तेज व खतरनाक है। इसके चलते सोमवार से कोरोना गाइडलाइन के पालन, मास्क लगाने को लेकर सख्ती बरती जाएगी।

कोरोना के नए मामले नहीं आने से लोगों में लापरवाही भी बढ़ गई है। स्वास्थ्य विभाग के जानकारों के अनुसार एक से दो माह में संक्रमण तेज होने की आशंका है। इसको ध्यान में रखते हुए शासन स्तर से जनता और जिला प्रशासन को जरूरी सतर्कता के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। एक बार फिर स्कूल 50 प्रतिशत क्षमता से ही खुलेंगे। यानी एक बच्चा छह दिन में तीन दिन ही स्कूल पढ़ने जाएगा। आनलाइन कक्षाएं संचालित रहेगी। नए वैरिएंट के चलते प्रदेशभर में अलर्ट किया गया है। शासन ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि अभी मध्यप्रदेश में नए वैरिएंट को लेकर कोई सूचना नहीं है, लेकिन सावधानी जरूरी है। एक महीने में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से जितने भी लोग यहां आए हैं, उनकी जांच करने और अगर कोई संदिग्ध पाया जाता है तो उसे आइसोलेशन में रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जरूरी दवाइयां, इंजेक्शन, आक्सीजन, रेमडेसिविर इंजेक्शन भी पर्याप्त मात्रा में स्टाक में रखे जाने के निर्देश दिएहैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने भी जनता से वैक्सीन के दोनों डोज लगवाने, मास्क पहनने और कोविड प्रोटोकाल का पालन करने की अपील की है।

### इन बातों पर ध्यान देना होगा



- जिले में 94.72 को पहला व 69.59 प्रतिशत लोगों को दोनों डोज लग चुके है।
- वैक्सीनेशन के बाद भी संक्रमण का खतरा, लेकि मृत्यु दर कम रहने की संभावना।
- 30 दिसंबर तक शत-प्रतिशत को दोनों डोज लगाने का लक्ष्य।
- जल्द से जल्द सभी वैक्सीन के दोनों डोज लगवाएं।
- आक्सीजन की समस्या नहीं होगी, जिले में प्लांट तैयार।



- मास्क, शारीरिक दूरी व सैनिटाइजर का उपयोग करते रहें, तो खतरे को टाला जा सकता है।
- जिला राजस्थान, गुजरात से लगा, बाहर से आने वालों पर निगरानी की जरूरत।
- शादी में लग रही भीड़, सुरक्षा के नहीं हो रहे उपाय, अलग-अलग क्षेत्रों से लोगों का मिलना खतरनाक।



### जिले में टीकाकरण की स्थिति प्रतिशत में

| ब्लाक | प्रथम डोज | द्वितीय डोज |
|---|---|---|
| आलोट | 95.20 | 67.50 |
| बाजना | 76.82 | 45.09 |
| जावरा | 101.28 | 34.34 |
| पिपलौदा | 80.71 | 65.50 |
| सैलाना | 92.81 | 53.85 |
| रतलाम ग्रामीण | 95.31 | 71.55 |
| रतलाम शहर | 105.60 | 87.85 |

### कोरोना की अब तक की स्थिति

जिले में अब तक लिए गए सैंपल 347954

पाजिटिव मामले 17507

निगेटिव मामले 216120



मौत 311

हर दिन 1000 से 1200 लिए जा रहे सैंपल

रैपिड एंटीजन टेस्ट में पाजिटिव-2137

ट्रोनेट लैब जांच में पाजिटिव- 132

रविवार को सैंपलिंग 970

रविवार को पाजिटिव- 00

आइसोलेशन में भर्ती- 00

### एक्सपर्ट व्यू

एपिडिमियोलाजिस्ट डा. गौरव बोरीवाल सहित अन्य स्वास्थ्य जानकारों के अनुसार पुराने ट्रेंड को देखें तो विदेशों में संक्रमण के बाद दो से तीन माह बाद भारत में इसका असर तेज होता है। विदेशों में नया वैरिएंट मिला है, कोई संक्रमित आ जाता है तो डेढ़ से माह में अपने यहां संक्रमण तेज होग नया वैरिएंट पहले से खतरनाक है, बार नए वैरिएंट से ही नई लहर को मिला। नए वैरिएंट से तीसरी लहर ले सकती है।

नईदुनिया 29/11/21

# महामारी के बाद मरहम : 67 के बैंक खातों में अनुग्रह राशि डाली, 307 ने और किए आवेदन

**कोविड में अपने को खो चुके परिवारों की मदद शुरू**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोविड में अपने को खो चुके परिवारों को सरकारी मरहम के रूप में अनुग्रह राशि मिलना शुरू हो गई है। अब तक 67 के खाते में 50 हजार रुपए के हिसाब से 33.50 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए हैं। सोमवार को भी राशि जारी की जाएगी। उधर कलेक्टोरेट में लगे शिविर में रविवार को कोविड संक्रमण से मृत व्यक्तियों के 307 वारिसान ने अनुग्रह राशि के लिए आवेदन दिए। इनका परीक्षण करने के बाद पात्रों को भी राशि जारी की जाएगी।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया रविवार को कलेक्टोरेट परिसर के अलावा जिले की जनपद पंचायतों, नगरपालिकाओं में कैंप लगाया है।



कलेक्टोरेट में लगे कैंप में आवेदन करते प्रभावित परिवार के सदस्य।

इसमें कलेक्टोरेट परिसर में लगे कैंप में 190 आवेदन मिले हैं। इसके अलावा जावरा में 30, पिपलौदा में 50, बाजना में 10, ताल नगरपालिका में 11, नगरपालिका आलोट में 7 आवेदन आए। कलेक्टोरेट में लगे शिविर में ऑफिस अधीक्षक प्रभाकांत उपाध्याय, सहायक नवीन त्रिवेदी, अंकिता व्यास, मनीष माथुर, अभिषेक पालीवाल, श्याम वर्मा, नगर निगम उपयंत्री राजेश पाटीदार, अनीता ठाकुर, मनीष तिवारी, नायब तहसीलदार पूजा भाटी, मनोज चौहान, राजस्व निरीक्षक शुभम तिवारी, पटवारी दिग्विजय जलधारी आदि ने आवेदकों को आवेदन का प्रारूप उपलब्ध कराया। साथ ही इसे भरने में भी लोगों की मदद की।

दे. भास्कर 29/11/21

**कोविड अनुग्रह राशि के लिए जिले भर में कैंप आयोजित**

# 307 आवेदन मिले, 67 के खातों में राशि जमा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। राज्य शासन की योजना के अनुसार कोविड-19 संक्रमण से मौत पर मृतक के वारिसान को अनुग्रह राशि देने के लिए पूरे जिले में रविवार को कैंप आयोजित किए गए। इस दौरान 307 आवेदन प्राप्त हुए जिनका परीक्षण कर कार्रवाई की जा रही है। इधर अब तक 67 व्यक्तियों के बैंक खातों में 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि अंतरित की जा चुकी है। सोमवार को भी लोगों के बैंक खातों में राशि डाली जाएगी।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि रविवार को रतलाम कलेक्टोरेट परिसर के अलावा जिले की जनपद पंचायतों तथा नगर पालिकाओं में भी कैंप आयोजित किए गए। रतलाम शहर कैंप में 190, जावरा में 30, पिपलौदा में 50 तथा बाजना में 10, ताल नगर में 11, आलोट नप में 7 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टोरेट परिसर में आयोजित कैंप में आवेदन प्रारूप उपलब्ध कराने के साथ ही पूर्ति भी करवाई गई। इस दौरान आफिस अधीक्षक प्रभाकांत उपाध्याय, सहायक नवीन त्रिवेदी, अंकिता व्यास, मनीष माथुर, अभिषेक पालीवाल, श्याम वर्मा, नगर निगम उपयंत्री राजेश पाटीदार, अनीता ठाकुर, मनीष तिवारी, नायब तहसीलदार पूजा भाटी, मनोज चौहान, राजस्व निरीक्षक शुभम तिवारी, पटवारी दिग्विजय जलधारी आदि ने सक्रियता से कार्य किया।



कोविड अनुग्रह राशि के लिए कैंप मे आवेदन देते हुए आवेदक। ● नईदुनिया

## किसी का सैंपल नहीं लिया तो किसी की जांच रिपोर्ट नहीं

कलेक्टोरेट में आयोजित कैंप में कई आवेदक ऐसे भी पहुंचे जिनके स्वजन की मौत कोरोना लक्षणों से हुई थी, लेकिन उपचार के दौरान या तो उनका सैंपल नहीं लिया गया था, या जांच रिपोर्ट नहीं मिल पाई। आवेदन में जांच रिपोर्ट की आवश्यकता को लेकर जब वे संबंधितों के पास पहुंचे तो सभी को आवेदन करने के लिए कहा गया। परीक्षण के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

नईदुनिया 29/11/21

# पेंशन हितग्राहियों के भौतिक सत्यापन हेतु शिविर लगेंगे

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**
सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय नि:शक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, नि:शक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले शेष रहे हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन एम. पेंशन मित्र पोर्टल पर किए जाने हेतु झोन कार्यालयों पर शिविर आयोजित किए गए है।

भौतिक सत्यापन हेतु झोन कार्यालयों पर आयोजित किए गए शिविरों के तहत 29 नवम्बर सोमवार को झोन क्रमांक-2 आंबेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड में वार्ड क्रमांक 27 से 39 के हितग्राही, 30 नवम्बर मंगलवार को झोन क्रमांक-3 अमृत सागर उद्यान में वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18, 22, 23, 45, 46, 47, 48 व 49 के हितग्राही तथा 01 दिसम्बर बुधवार को झोन क्रमांक-4 हरमाला पम्प हाउस में वार्ड क्रमांक 19, 20, 21, 24, 25, 26, 40, 41, 42, 43 व 44 के हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन प्रात: 10 से सायं 6 बजे तक किया जाएगा।

नगर निगम द्वारा पेंशन पाने वाले हितग्राहियों से अपील की जाती है कि वे वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों को आवश्यक दस्तावेज बीपीएल राशन कार्ड, समग्र आईडी, बैंक खाते की पास बुक, निवासी, जन्म, आयु, चिकित्सक, नि:शक्तता, आयकर दाता ना हो, पति की मृत्यु का प्रमाण-पत्र, अंक सूची, मतदाता सूची, मतदाता परिचय-पत्र, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के तहत जारी जॉब कार्ड के साथ उपस्थित होकर अपना भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से करवाएं।

स्वदेश 29/11/21

नवभारत

## पेंशन हितग्राहियों का आज अम्बेडकर मांगलिक भवन पर होगा भौतिक सत्यापन

रतलाम। शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय नि:शक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, नि:शक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले शेष रहे हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन एम. पेंशन मित्र पोर्टल पर किये जाने हेतु झोन कार्यालयों पर शिविर आयोजित है। इसी के तहत रविवार को अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राण्ड में शिविर आयोजित किया गया है। अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में 28 नवम्बर रविवार को आयोजित शिविर में 144 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया गया अब तक 5168 हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है। भौतिक सत्यापन हेतु झोन कार्यालयों पर आयोजित किये गये शिविरों के तहत सोमवार को झोन क्रमांक 2 अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड में वार्ड क्रमांक 27 से 39 के हितग्राही, 30 नवम्बर मंगलवार को झोन क्रमांक 3 अमृत सागर उद्यान में वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18, 22, 23, 45, 46, 47, 48 व 49 के हितग्राही तथा 01 दिसम्बर बुधवार को झोन क्रमांक 4 हरमाला पम्प हाउस में वार्ड क्रमांक 19, 20, 21, 24, 25, 26, 40, 41, 42, 43 व 44 के हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन प्रात: 10 से सांय 6 बजे तक किया जायेगा।

नवभारत 29/11/21

# 2285 हितग्राही पीएम स्वनिधि के ब्याज मुक्त ऋण से लाभान्वित हुए

रतलाम ● नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पंजीकृत एवं पात्र पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त नहीं हुआ है तथा जिन्होंने प्रथम कार्यशील पूंजी का ऋण जमा करा दिया है उन्हे संकल्प से सिद्धी विशेष अभियान के तहत 10 व 20 हजार का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा निगम के झोन कार्यालयों पर ऑन लाइन आवेदन भरे जा रहे हैं।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु 2190 हितग्राहियों को राशि रुपए 10,000/- तथा द्वितीय कार्यशील पूंजी हेतु 95 हितग्राहियों को राशि रुपए 20,000/- ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया है। एनयूएलएम स्वरोजगार ऋण योजना में 75 हितग्राहियों व एनयूएलएम स्वरोजगार समूह ऋण योजना में 3 समूह को ऋण उपलब्ध कराया गया है। पथ विक्रेताओं को ब्याज मुक्त ऋण के लिए ऑन लाइन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु आवश्यक दस्तावेज के रूप में बैंक पास बुक, आधार कार्ड, पथ विक्रेता पंजीयन कार्ड व आधार लिंक से मोबाइल नम्बर साथ लाना होगा।

## खुले में गंदगी करने पर 12 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम ● ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाइन की कार्रवाई की जा रही है जिसके तहत शनिवार को 12 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। स्वदेश

स्वदेश 29/11/21

# खुले में गंदगी करने पर 12 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर षहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 27 नवम्बर शविवार को 12 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर मौर्य नमकीन सैलाना बस स्टैण्ड पर 250, अशरफ अली अमृत सागर, राठौर जी सैलाना बस स्टैण्ड, गोविन्द महू रोड, अजय यादव दो बत्ती, राजेश, विनोद शहीद चौक, दीपक धानमण्डी पर 100-100, दीपक अमृत सागर, शंकर धानमण्डी पर 50-50 रुपए का स्पॉट फाईन किया। अवन्तिका

अवन्तिका 29/11/21

# 4 कर्मचारियों का वेतन काटा

रतलाम ● निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा टीकाकरण कार्य के निरीक्षण के दौरान सैलाना रोड क्षेत्र में आवारा पशु विचरण करते पाए जाने व पशु वाहन पर कार्यरत कर्मचारी द्वारा आवारा पशुओं को कहीं भी पकड़ते हुए नहीं पाए जाने पर नियुक्त कर्मचारी चरणसिंह-भारतसिंह, मेहफुज-कालेखां, रामा व पूनमचन्द-रतन का एक दिवस का वेतन काटा गया। स्वदेश

स्वदेश 29/11/21

# खुले में गंदगी करने पर 12 व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन

रतलाम । नगर निगम द्वारा बनाए गए दल द्वारा स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 27 नवम्बर शविवार को 12 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर मौर्य नमकीन सैलाना बस स्टैण्ड पर 250, अशरफ अली अमृत सागर, राठौर जी सैलाना बस स्टैंण्ड, गोविन्द महू रोड, अजय यादव दो बत्ती, राजेश, विनोद शहीद चौक, दीपक धानमण्डी पर 100-100, दीपक अमृत सागर, विनोद कुमार सैलाना बस स्टैण्ड, शंकर धानमण्डी पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविश्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। स्वदेश

स्वदेश ऐलान 29/11/21

# कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीनेशन सही कदम है

**टीकाकरण महाअभियान के दौरान आयुक्त ने बताए वैक्सीनेशन के महत्व ,स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 के तहत डोर टू डोर कचरा निपटान के तरीके रांगोली के माध्यम से समझाए गए**



रतलाम । कोरोना महामारी ने एक बार फिर हमें वैक्सीनेशन का महत्व बताया है। इस वक्त हमारे हर तरफ में भी कोराना टीकाकरण अभियान चल रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि वैक्सीन, घातक और खतरनाक बीमारियों को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय है।

उक्त विचार नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने शनिवार को कोरोना वैक्सीनेशन महाअभियान के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 के तहत शहर में विभिन्न स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रमों के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए जाने का आव्हान भी किया गया।। सफाई मित्र समूह द्वारा कचरामुक्त स्थलों व सार्वजनिक स्थानों पर आकर्षक रांगोलियों का निर्माण कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

इस मौके पर श्री झारिया ने कहां कि दुनिया भर में चलाए गए व्यापक टीकाकरण अभियान की वजह से आज चेचक, खसरा, टेटनस जैसे अत्यधिक संक्रामक और खतरनाक बीमारियाँ खत्म हो चुकी हैं। ऐसे में कोरोना संक्रमण से आने वाले समय में स्थितियाँ और भी खतरनाक हो सकती हैं।इसलिए टीके लगवाने ही चाहिए, जिससे कि कई बीमारियों से बचाव के साथ उनके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ सके।

उन्होने कहां कि जिला व निगम प्रशासन सहित जिलेभर के लगभग सभी विभाग नागरिकों को कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण करने का आव्हान कर रहा है।हमारे लिए गौरव की बात होगी कि हमारा शहर व जिला कोरोना वैक्सीनेशन के मामले भी नम्बर-1 का दर्जा प्राप्त करे। कोरोना संक्रमण कई तरह के रुप बदल रहा है। ऐसे में जरुरी है कि हर कोई वैक्सीनेशन का लाभ लेकर खुद को अपने परिवार को सुरक्षित कर ले। जिन्होने अब तक टीका नही लगवाया है, वो नजदीकी केन्द्र पर टीकाकरण कराए और जिसने पहला डोज लगवाना लिया है वो दूसरे डोज का उपयोग समय रहते कर ले। श्री झारिया ने नागरिकों से आव्हान किया है कि घर और दुकानों से निकले कचरे का निपटान कचरा संग्रहण वाहन के अलग-अलग हिस्सों में ही करे।स्वच्छता के प्रति नागरिकों की जागरुकता जरुरी है तभी हम अपने शहर को देश में स्वच्छता के मामले में नम्बर-1 बना पाएगे, इसी के साथ वैक्सीनेशन के मामले में भी शत प्रतिशत टीके लगवा कर रतलाम का गौरव बढ़ाए। इस अवसर पर उपायुक्त श्री विकास सोलकी, स्वास्थ्य अधिकारी श्री जी.के.जायसवाल, झोन प्रभारी सर्वश्री किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान सहित सफाई मित्र समूह के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

स्वतंत्र लेखनी 29/11/21

# धन्यवाद मध्यप्रदेश अभियान को लेकर आयुक्त ने ली बैठक

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के परिणामों में प्रदेश के शहरो द्वारा उल्लेखनीय प्रगति किये जाने में प्रदेश के सभी नागरिक, सफाई संरक्षक, स्वच्छतागृही सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका होने उनको प्रोत्साहन एवं आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए उर्जा बनाए रखने के उद्देश्य से 29 से 30 नवम्बर शासन द्वारा चलाये जा रहे ''धन्यवाद मध्यप्रदेश'' अभियान को सफल बनाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारी, कर्मचारी व स्वच्छतागृही सामाजिक संगठनों की बैठक ली। आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के परिणामों में मध्यप्रदेष के अन्य शहरो के साथ ही रतलाम नगर निगम ने भी अच्छी रैंकिग प्राप्त की है इसका श्रेय नगर के सभी नागरिक, सफाई संरक्षक, स्वच्छतागृही सामाजिक संगठनों को जाता है इसलिये शासन द्वारा चलाये जा रहे ''धन्यवाद मध्यप्रदेश'' अभियान के तहत उन्हे प्रोत्साहित किया जाना साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रतलाम को उच्चतम् रैंकिग प्राप्त हो इस हेतु उन्हे ऊर्जावान बनाना है। अभियान के तहत 29 व 30 को सफाई मित्रों, सहयोगी संस्थाओं और स्वच्छागृहीगणो का सम्मान समारोह और प्रशिक्षण सह धन्यवाद ज्ञापन समारोह का आयोजन, 1 व 2 दिसम्बर को घरों से कचरा संग्रहण के दौरान सभी नागरिकों का उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापन करेंगे। निगम आयुक्त झारिया ने निगम अधिकारी, कर्मचारियों व स्वच्छतागृही सामाजिक संगठनों से कहा कि शासन द्वारा प्राप्त गतिविधियों का संचालन झोन अनुसार किया जाये जिससे नागरिक शहर की स्वच्छता में अधिक से अधिक भागीदारी करने के लिये प्रेरित हो साथ ही सभी नागरिकों को स्वच्छता एप डाउनलोड करवाये व दर्ज शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करवायें ।आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, स्वास्थ्य अधिकारी जी.के. जायसवाल, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान, विराट मेहरा, सहयोगी संस्था के अनिल पांचाल, अशोक शर्मा, दिव्या व राजा ठाकुर उपस्थित थे।

नवभारत 29/11/21

# गंदगी करने पर 12 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर षहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबधितो पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 27 नवम्बर शविवार को 12 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर मौर्य नमकीन सैलाना बस स्टैण्ड पर 250, अशरफ अली अमृत सागर, राठौर जी सैलाना बस स्टैण्ड, गोविन्द महू रोड़, अजय यादव दो बत्ती, राजेश, विनोद शहीद चौक, दीपक धानमण्डी पर 100-100, दीपक अमृत सागर, विनोद कुमार सैलाना बस स्टैण्ड, शंकर धानमण्डी पर 50-50 रूपए का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

## पशु वाहन के 4 कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा वैक्सीनेशन कार्य के निरीक्षण के दौरान सैलाना रोड क्षेत्र में आवारा पशु विचरण करते पाये जाने व पशु वाहन पर कार्यरत कर्मचारी द्वारा आवारा पशुओं को कही भी पकड़ते हुए नही पाए जाने पर नियुक्त कर्मचारी चरणसिंह-भारतसिंह, मेहफुज-कालेखां, रामा व पूनमचन्द-रतन का एक दिवस का वेतन काटा गया।

प्रसारण 29/11/21

अभियान को सफल बनाने आयुक्त ने ली बैठक

# आज से धन्यवाद मध्यप्रदेश अभियान

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के परिणामों में प्रदेश के शहरों द्वारा उल्लेखनीय प्रगति किये जाने में नागरिक, सफाई संरक्षक, स्वच्छताग्रही सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका होने उनको प्रोत्साहन एवं आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए उर्जा बनाए रखने के उद्देश्य से 29 व 30 नवम्बर को धन्यवाद मध्यप्रदेश अभियान चलेगा। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने विभागीय अधिकारियों की बैठक रविवार को ली।

बैठक में निगम आयुक्त झारिया ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के परिणामों में राज्य के अन्य शहरों के साथ ही नगर निगम ने भी अच्छी रैंकिग प्राप्त की है इसका श्रेय शहर के सभी नागरिक, सफाई संरक्षक, स्वच्छताग्रही सामाजिक संगठनों को जाता है, इसलिये धन्यवाद मध्यप्रदेश अभियान के तहत उन्हे प्रोत्साहित किया जाना साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रतलाम को उच्चतम् रैंकिग प्राप्त हो इस हेतु उन्हे ऊर्जावान बनाना है।

## स्थान पर ही जाकर सम्मान

अभियान के तहत 29 व 30 नवम्बर को सफाई मित्रों, सहयोगी संस्थाओं और स्वच्छागृहिणों का सम्मान समारोह और धन्यवाद ज्ञापन समारोह का आयोजन 1 व 2 दिसम्बर को घरों से कचरा संग्रहण के दौरान सभी नागरिकों का उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापन, स्वच्छता एप का प्रचार-प्रसार और स्वच्छता एप के माध्यम से शिकायत समाधान, 3 व 4 दिसम्बर को सार्वजनिक क्षेत्रों में सफाई रखने के लिए नागरिकों एवं व्यापारिक संस्थानों, छोटी बड़ी सभी दुकानों आदि में नगर निगम व एनजीओ की टीम के माध्यम से व्यक्तिगत संपर्क और धन्यवाद ज्ञापन, 5 व 6 दिसम्बर को सार्वजनिक सुविधाघर के संचालकों का उनके स्थान पर ही जाकर सम्मान किया जाएगा।

पत्रिका 29/11/21

# कलेक्टर-कमिश्नर, आइजी-एसपी कांफ्रेंस आज, कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे सीएम

सरकार

- कोरोना की स्थिति को लेकर जिला अधिकारियों से लेंगे जानकारी
- माफिया के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की भी होगी समीक्षा

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को कलेक्टर-कमिश्नर, आइजी-पुलिस अधीक्षक (एसपी) कांफ्रेंस करेंगे। प्रदेश में माफिया के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के साथ कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। माफिया के अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि के उपयोग के साथ कोरोना की स्थिति को लेकर समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा 15 दिसंबर तक चलाए जाने वाले सुशासन अभियान के साथ केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली जाएगी। मुख्यमंत्री भोपाल और इंदौर में लागू होने वाली पुलिस कमिश्नर प्रणाली को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारियों ने बताया कि बैठक में कोरोना संक्रमण को लेकर मौजूदा परिस्थिति को देखते हुए जिला अधिकारियों से जानकारी ली जाएगी। साथ ही कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। फिलहाल सरकार प्रतिबंध तो नहीं लगाएगी, पर निगरानी बढ़ाई जाएगी। मास्क पहनना अनिवार्य है लेकिन इसका पालन गंभीरता के साथ नहीं हो रहा है।

इसी तरह शारीरिक दूरी का पालन भी नहीं किया जा रहा है। इसको लेकर रोको-टोको अभियान फिर से प्रारंभ किया जाएगा। टीकाकरण की गति बढ़ाने के लिए जनसहयोग लिया जाएगा। कलेक्टरों को निर्देश दिए जाएंगे कि वे जिला, ब्लाक आपदा प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक करें और कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए तय दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के साथ टीकाकरण के लिए व्यक्तियों को प्रेरित करें। इसके अलावा प्रधानमंत्री शहरी और मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेताओं को बैंकों से ऋण दिलाने की योजना की समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना, सीएम राइज स्कूल, सिकल सेल मिशन, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति और मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकारी योजना का प्रस्तुतीकरण होगा और कलेक्टरों की योजनाओं से संबंधित अपेक्षाओं पर चर्चा की जाएगी। सीहोर, श्योपुर और हरदा जिलों में किए जा रहे नवाचारों का प्रस्तुतीकरण होगा। 1

नईदुनिया 29/11/21

# पेंशन सर्वे में चार हजार से अधिक हितग्राहियों का सत्यापन शेष

सिटी हैपनिंग



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** शहर में सामाजिक न्याय विभाग दी जाने वाली 12 प्रकार की पेंशन में करीब 4 हजार से अधिक पेंशन हितग्राहियों का सर्वे शेष रहा है। अब इनका भौतिक सत्यापन का कार्य रविवार से शुरू हो गया है। निगम के चार झोन में से अलकापुरी के झोन में रविवार को 141 हितग्राही सत्यापन कराने पहुंचे हैं।

निगम प्रत्येक दिन अलग-अलग झोन में 12 प्रकार की पेंशन के सर्वे का कार्य करेगी। सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निःशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त सहित अन्य प्रकार की पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का घर - घर सर्वे का कार्य पूरा हो गया है। अब जो करीब 4 हजार से अधिक हितग्राही शेष रहे हैं, उनको भौतिक सत्यापन करने के लिए नगर निगम ने अलग-अलग झोन में बुलाया है। इसकी शुरुआत रविवार से हो गई है। शहर में इस प्रकार की पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की संख्या 10016 है। विभागीय जानकारी के अनुसार करीब 52 प्रतिशत हितग्राहियों का सर्वे घर - घर जाकर किया जा चुका है। अब जो करीब 4 हजार से अधिक हितग्राही बचे है, उनको ही निगम द्वारा अलग-अलग झोन में बुलाकर भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, जिससे पेंशन दी जा सके।

## आज होगा यहां सर्वे

29 नवम्बर को झोन क्रमांक 2 में वार्ड क्रमांक 27 से 39 के हितग्राहियों का सर्वे कार्य होगा। भौतिक सत्यापन सुबह 10 से शाम 6 बजे तक होगा। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के अनुसार जिनका भौतिक सत्यापन होगा उनको अपने साथ जरूरी दस्तावेज जैसे बीपीएल राशन कार्ड, समग्र आईडी, बैंक खाते की पास बुक, निवासी, जन्म, आयु, चिकित्सक, नि:शक्तता, आयकरदाता ना हो, पति की मृत्यु का प्रमाण-पत्र, अंक सूची, मतदाता सूची, मतदाता परिचय-पत्र, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के तहत जारी जाब कार्ड अदि साथ लाना होगा। इन सभी दस्तावेज को वार्ड दारोगा को झोन पर दिखाना होगा। इसके बाद ही भौतिक सत्यापन मान्य रहेगा।

पत्रिका

पत्रिका 29/11/21

इसलिए शहर स्वच्छता की रैंकिंग में है पीछे...

# रहवासियों को खुद करवानी पड़ रही है सफाई



रतलाम| ये फोटो शहर के प्रमुख घास बाजार का है। नियमित सफाई नहीं होने से दिनभर धूल उड़ती है। इससे कारोबारियों को दिक्कत आ रही है। निगम के अफसरों को शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसे देखते हुए रविवार को रहवासियों और व्यापारियों ने मिलकर खुद ही सफाई करवाई।

## कस्तूरबानगर में नहीं होती सफाई, हर तरफ फैली है गंदगी



रतलाम| स्वच्छ रतलाम, सुंदर रतलाम का निगम का दावा कस्तूरबानगर में फेल साबित हो रहा है। यहां गली नंबर 4 में सफाई नहीं होती है। इससे हर तरफ गंदगी फैली है। प्लॉटों पर भी गंदगी फैली है। इससे लोग परेशान हैं। अंजलि पाठक ने बताया सफाई नहीं होती है और कचरा गाड़ी भी कभी-कभी आती है।

भास्कर

दै. भास्कर 29/11/21

दो गज की दूरी और मास्क है जरूरी...

# रतलाम में कोरोना प्रतिबंध खत्म तो बढ़ी लापरवाही अफ्रीका में वायरस के नए वैरिएंट के चलते अलर्ट

## कलेक्टर बोले लोग बरत रहे लापरवाही, संक्रमण फैलने में देर नहीं लगती

पत्रिका
महामारी से महामुकाबला







**347954** कोरोना संदिग्धों की जांच

**347034** लैब से आई जांच रिपोर्ट

**216120** नेगेटिव आए सैंपल

**17507** कोरोना पॉजिटिव आए सैंपल

**17196** अस्पताल से डिस्चार्ज हुए मरीज

**0311** कोरोना से मौत

**0920** मरीजों की जांच रिपोर्ट आना शेष

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कोरोना संक्रमण की देश और प्रदेश में बढ़ती रफ्तार के बाद अब रतलाम में भी प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। कोरोना से जुड़ी पाबंदियां खत्म होने के बाद अब हर तरफ लापरवाही का आलम नजर आ रहा है। लोगों ने मास्क पहनना छोड़ दिया है तो बाजार में दो गज की दूरी भी अब कहीं नजर नहीं आ रही है। ऐसे में प्रदेश के साथ देश-विदेश के हालातों को देखते हुए कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम ने भी लोगों से सतर्क रहने और कोविड नियमों का पालन करने की बात कही है।

रतलाम के लिए फिलहाल राहत की बात यह है कि यहां पर लंबे समय से अब तक कोरोना संक्रमण से जुड़ा कोई नया मामला नहीं आया है। कोविड की दूसरी लहर के दौर में रतलाम प्रदेश के उन चुनिंदा जिलों में शामिल हो गया था, जहां पर संक्रमण की रफ्तार तेजी से बढ़ी थी और हालात बेकाबू हो चुके थे। ऐसे में अब कोरोना फिर यहां दस्तक न दें उसके लिए सभी को अलर्ट रहते हुए नियमों का पालन करना अनिवार्य है। यही कारण है कि कलेक्टर के द्वारा जिले के लोगों को संदेश जारी करना पड़ा।

### एक लाख लोग बचे वैक्सीन से

कलेक्टर ने लोगों से अपील की है कि कोरोना से बचाव के लिए मास्क और वैक्सीन बहुत जरूरी है। दरअसल अब भी एक लाख लोग ऐसे हैं जिनके वैक्सीन के सेंकड डोज अब तक नहीं लगे हैं। समय पर सभी लोगों को डोज लगवाने से हम सुरक्षित रहेंगे। ऐसे लोगों को तलाशने का काम प्रशासन की टीम ने शुरू कर दिया है। वहीं मास्क के प्रति भी लोगों को जागरूक करेंगे जिससे वह कोविड संक्रमण से बच सके। मास्क पहनने और वैक्सीन लगवाने से बहुत हद तक कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोका जा सकता है।

देश के कुछ हिस्सों में भी कोरोना के केस लगातार बढ़ रहे हैं। यह राहत की बात है कि रतलाम में वर्तमान में एक भी केस नहीं है। सारे प्रतिबंध हट चुके हैं, लोगों ने लापरवाही बरतना शुरू कर दी है, मास्क कोई नहीं लगा रहा है। एक लाख से अधिक लोगों ने अब तक वैक्सीन का सेंकड डोज नहीं लगवाया है, यह चिंता की बात है। बचाव के लिए मास्क और वैक्सीन बहुत जरूरी है। दोनों चीजों का कड़ाई से पालन करेंगे तो हम सुरक्षित रह सकेंगे। -**कुमार पुरषोत्तम,** कलेक्टर

पत्रिका

बोले जब इंदौर आ सकता है नंबर वन तो रतलाम क्यों नहीं

# घांस बाजार क्षेत्र में युवा स्वच्छता अभियान में उतरे सड़क पर, स्वयं के व्यय से करवाई सफाई

पत्रिका सिटी हैपनिंग

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में स्वच्छता अभियान के लिए अब आमजन जागृत होना शुरू हो गए हैं। इसकी शुरुआत रविवार को मुख्य बाजार क्षेत्र घांस बाजार से हुई है। यहां पर रहने वाले युवाओं ने स्वच्छता अभियान की शुरुआत की है। इसके लिए घांस बाजार से चौमुखीपुल क्षेत्र के रहवासियों व कारोबारियों ने मजदूर करके क्षेत्र की सफाई करवाई है। अब प्रयास है कि हर रविवार को इस क्षेत्र में स्वच्छता का अभियान चलेगा। रहवासियों का कहना है कि हर क्षेत्र में इसकी शुरुआत होना चाहिए, जिससे रतलाम भी इंदौर की तरह नंबर एक पर स्वच्छता अभियान में आ सके।



## मजदूरों से करवाई सफाई

नगर निगम शहर में सड़कों की सफाई प्रतिदिन करता है। इसके लिए स्वच्छता अभियान अंतर्गत अलग से समय - समय पर विशेष आयोजन चलते हैं। इसमे अभियान सही चल रहा हैं कि या नहीं इसको देखने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया स्वयं सड़क पर उतरते हैं। इसके बाद भी सड़क पर विशेषकर मुख्य मार्गों पर धूल जमा है। तेज गति से चलते वाहन धूल को उड़ाते हैं जिससे रहवासी परेशान होते हैं। इसके बाद ही क्षेत्रीय रहवासियों ने मजदूर करके स्वच्छता अभियान चलाया गया।

## इस तरह चलेगा अभियान

क्षेत्रीय रहवासियों के अनुसार उनके क्षेत्र में सड़क पर दिनभर धूल उड़ती है। इसके बाद ही यह तय किया गया कि प्रत्येक रविवार को स्वच्छता अभियान चलेगा। इसमे मजदूर करके सफाई करवाई जाएगी। इसमे घांसबाजार से चौमुखी पुल तक क्षेत्र की रोड की सफाई करवाई गई व धूल को एकत्रित किया गया।

## बेहतर पहल का स्वागत

शहर में यह बेहतर पहल की शुरुआत हुई है। इसका स्वागत है। इससे अन्य स्थान पर भी प्रेरणा लिए जाने की जरुरत है। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका।

पत्रिका 29/11/21

# 2285 हितग्राही पीएम स्वनिधी के ब्याज मुक्त ऋण से लाभान्वित हुए

रतलाम। नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पंजीकृत एवं पात्र पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त नहीं हुआ है तथा जिन्होने प्रथम कार्यशील पूंजी का ऋण जमा करा दिया है उन्हे संकल्प से सिद्धी विशेष अभियान के तहत 10 व 20 हजार का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा निगम के झोन कार्यालयों पर ऑन लाईन आवेदन भरे जा रहे हैं।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि प्रथम कार्यषील पूंजी हेतु 2190 हितग्राहियों को राषि रूपये 10,000/- तथा द्वितीय कार्यषील पूंजी हेतु 95 हितग्राहियों को राषि रूपये 20,000/- ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया है। एनयूएलएम स्वरोजगार ऋण योजना में 75 हितग्राहियों व एनयूएलएम स्वरोजगार समूह ऋण योजना में 3 समूह को ऋण उपलब्ध कराया गया है।

पथ विक्रेताओं को ब्याज

### 3 समूह को ऋण

एनयूएलएम स्वरोजगार ऋण योजना में 75 हितग्राहियों व एनयूएलएम स्वरोजगार समूह ऋण योजना में 3 समूह को ऋण उपलब्ध कराया गया है।

मुक्त ऋण के लिये ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु आवष्यक दस्तावेज के रूप में बैंक पास बुक, आधार कार्ड, पथ विक्रेता पंजीयन कार्ड व आधार लिंक से मोबाईल नम्बर साथ लाना होगा। स्वनिधि

# पशु वाहन के 4 कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा वैक्सीनेशन कार्य के निरीक्षण के दौरान सैलाना रोड क्षेत्र में आवारा पशु विचरण करते पाये जाने व पशु वाहन पर कार्यरत कर्मचारी द्वारा आवारा पशुओं को कहीं भी पकड़ते हुए नहीं पाये जाने पर नियुक्त कर्मचारी चरणसिंह-भारतसिंह, मेहफुज-कालेखां, रामा व पूनमचन्द-रतन का एक दिवस का वेतन काटा गया।

स्वतंत्र हेलाक 27/7/21